रेपो दर में कटौती से बाजार ने भरी उड़ान

आरबीआई की 0.50 कटौती से सेंसेक्स 746 अंक उछला, निफ्टी 25,000 पार

मुंबई, 06 जून (वार्ता) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में अप्रत्याशित आधे प्रतिशत की कटौती करने से दर के प्रति संवेदनशील रियल्टी, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और ऑटो समेत 19 समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने लंबी छलांग लगाई.

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 746.95 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ आठ कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,188.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत उछलकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 25003.05 अंक पर बंद हुआ. इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.91 प्रतिशत मजबूत होकर 46,096.51 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत चढ़कर 53,440.26 अंक हो गया.

इस दौरान बीएसई में कुल 4156 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2278 में लिवाली जबकि 1744 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ. इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2993 कंपनियों के शेयरों में से 1673 में तेजी जबकि 1229 में गिरावट रही वहीं 91 में टिकाव रहा.

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिये गये निर्णयों की जानकारी देते हुये कहा कि पिछले दो बार से रेपो दर में 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की कमी की गयी थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जायेगी.

> विश्व बाजार में मिलाजुला रुख रहा. इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.01, जर्मनी का डैक्स 0.24 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.48 प्रतिशत लुढ़क गया वहीं जापान का निक्केई 0.50 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.04 प्रतिशत की बढ़त रही .मल्होत्रा ने कहा, च्च् फरवरी 2025 से लगातार नीतिगत रेपो दर में 100 आधार अंकों की कटौती करने के बाद, मौद्रिक नीति समिति ने भी महसूस किया कि वर्तमान परिस्थितियों में, मौद्रिक नीति के पास अब विकास को समर्थन देने के लिए बहुत सीमित गुंजाइश बची है.

स्विट्जरलैंड ने भारत समेत 74 देशों के साथ क्रिप्टो के लेनदेन का प्रस्ताव रखा

नयी दिल्ली 06 जून. स्विट्जरलैंड ने शुक्रवार को भारत और 73 अन्य देशों के साथ क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर सूचना के स्वचालित लेनदेन का प्रस्ताव रखा। इस कदम से विदेशों में भारतीयों द्वारा क्रिप्टो मुद्राओं के रूप में जमा किए गए धन की निगरानी करने में मदद मिलेगी। भारत और स्विट्जरलैंड के बीच पहले ही एक स्वचालित व्यवस्था है, जिसके तहत भारतीयों द्वारा स्विट्जरलैंड में रखे गए बैंक खातों और अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों की सूचना स्वचालित ढंग से मिलती है। दोनों देश इस तरह की सुचना का आदान-प्रदान करते रहते हैं। भारतीयों द्वारा विदेशों में जमा किए गए अघोषित धन के कई मामलों का पता लगाने में इस व्यवस्था ने भारतीय अधिकारियों की काफी मदद की है।

विदेशी निवेशकों का विश्वास बढ़ रहा है भारत में : गोयल

सरकार की नीतियों से बढ़ा वैश्विक निवेशकों का भरोसा : गोयल

अब 112 देशों की कंपनियाँ भारत में सीधे एफडीआई कर रही हैं

नयी दिल्ली, 06जून (वार्ता) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि मौजूदा सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और निर्णयों से भारत के प्रति विदेशी निवेशकों का विश्वास बढ़ा है और आज 112 देशों की कंपनियां सीधे शेयर पूंजी लगा कर देश में कारोबार कर रही हैं.

गोयल ने कहा कि सरकार ने अधिकांश क्षेत्रों में स्वचालित मार्ग से 100 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति दे रखी है और अब 112 देश भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश कर रहे है. उन्होंने कहा कि 2013-14 में 89 देशों से एफडीआई आ रहा था. उन्होंने एफडीआई के स्त्रोतों के इस भौगोलिक विस्तार को कारोबार करने में आसानी की भारत की बढ़ती वैश्विक अपील का परिचायक बताया. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रलाय ने राजधानी में गुरुवार को निवेशक गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया था. इस सम्मेलन में चर्चा गोयल के वीडियो संदेश के साथ शुरू की गयी.

भारत-डेनमार्क के समुद्री सहयोग पर विचार

कोपेनहेगन,6 जून.पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 5-6 जून 2025 को कोपेनहेगन, डेनमार्क की अपनी यात्रा के दौरान डेनमार्क के उद्योग, व्यवसाय और वित्तीय मामलों के मंत्री मोर्टेन बोडस्कोव से मुलाकात की।दोनों मंत्रियों ने हरित रणनीतिक साझेदारी और समुद्री मामलों पर समझौता ज्ञापन (रूश) के तहत द्विपक्षीय समुद्री सहयोग पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

एक संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों मंत्रियों ने हरित रणनीतिक साझेदारी की पुष्टि की, जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके डेनमार्क समकक्ष मेटे फ्रेडरिकसेन ने आपसी सहमति व्यक्त की थी। मंत्रियों ने 2024 में हस्ताक्षरित समुद्री मामलों पर द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसमें ग्रीन शिपिंग में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना शामिल है।मंत्रियों ने इस बात पर जोर दिया कि नवनिर्मित केंद्र का उद्देश्य भारत में समुद्री क्षेत्र के हरित परिवर्तन को बढ़ावा देते हुए समुद्री गतिविधियों की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार करना है।मंत्रियों ने भारत सरकार के अमृत काल विजन 2047 में निर्धारित लक्ष्यों के साथ संरेखण पर प्रकाश डाला, जिसमें अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र के लिए भारत की हरित शिपिंग हब बनने की महत्वाकांक्षाएं शामिल हैं।

भारतीय मंत्रालयों के साथ निकट में किया जाएगा सहयोग

मंत्रियों ने सहमति व्यक्त की कि भारत-डेनिश उत्कृष्टता केंद्र उनके विकास में योगदान करने के लिए एक पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन करेगा।यह अध्ययन भारत में संभावित हरित गलियारों के मुख्य घटकों का प्रारंभिक मूल्यांकन करेगा और सबसे आशाजनक गलियारों की रूपरेखा तैयार करेगा। उन्होंने सहमति व्यक्त की कि अध्ययन मेर्स्क मैक-किन्नी मोलर सेंटर फॉर जीरो कार्बन शिपिंग द्वारा, अपने मेथोडोलॉजिकल ब्लूप्रिंट को लागू करते हुए, और पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, अन्य संबंधित भारतीय मंत्रालयों के साथ निकट सहयोग में किया जाएगा।

जिंदल स्टेनलेस का स्विच टू स्टेनलेस अभियान

नयी दिल्ली, 06 जून (वार्ता) स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपने कर्मचारियों के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्विच टू स्टेनलेस अभियान शुरू किया है. इसके साथ ही कंपनी ने ओडिशा के जाजपुर और हरियाणा के हिसार में स्थित अपने कॉरपोरेट कार्यालयों और विनिर्माण संयंत्रों के साथ-साथ दिल्ली-एनसीआर में स्थित कॉर्पोरेट कार्यालयों में अपने वार्षिक प्लास्टिक अपशिष्ट संग्रह अभियान के चौथे संस्करण की शुरुआत की. कंपनी के परिसर के साथ-साथ हिसार के पटेल नगर, और जाजपुर के सोलई व सिंगागड़िया में स्थानीय समुदायों को भी अभियान में शामिल किया गया और इन स्थानों पर समर्पित संग्रहण केंद्र स्थापित किए गए.

1 लाख के करीब पहुँचा सोना

24 कैरेट सोना 99,760 रु., चांदी 1.04 लाख के पार

नई दिल्ली, 6 जून.घरेलू सर्राफा बाजार में मजबूती रही है. इस तेजी के कारण 24 कैरेट सोना एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के काफी करीब पहुंच गया है. कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,610 रुपये से लेकर 99,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है.

इसी तरह 22 कैरेट सोना 91,310 रुपये से लेकर 91,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. चांदी के भाव में भी 2,000 रुपये की तेजी आई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है. दिल्ली में 24 कैरेट सोना 99,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.

खाद्य तेल, दाल, चीनी और अनाज के दाम स्थिर

दिल्ली थोक बाजार में जिंस भाव स्थिर वैश्विक तेजी के बावजूद घरेलू मांग

नई दिल्ली 06 जून (वार्ता) विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन = वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा पांच रिंगिट बढ़कर 3909 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।



इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.50 सेंट की तेजी के साथ 47.15 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी = मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। **दाल-दलहन:** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

विदेशी मुद्रा भंडार में 1.2 अरब की गिरावट

30 मई को समाप्त सप्ताह में भंडार घटकर 691.5 अरब डॉलर पर पहुँचा

मुंबई, 06 जून (वार्ता) विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट आने से 30 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.2 अरब डॉलर लुढ़ककर 691.5 अरब डॉलर पर आ गया.

वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.9 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 692.7 अरब डॉलर पर रहा था. रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी

साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 30 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.95 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 584.2 अरब डॉलर पर आ गई. वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 72.3 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 84.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया.

> आलोच्य सप्ताह एसडीआर 20 लाख डॉलर गिरकर 18.6 अरब डॉलर रह गया. इसी तरह इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 60 लाख डॉलर की गिरावट आई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले घटकर 4.3 अरब डॉलर पर आ गई.

स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने मंजूरी

नई दिल्ली, 06 जून (वार्ता) दूरसंचार विभाग ने एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में अपने सैटेलाइट इंटरनेट सेवा की शुरुआत करने को मंजूरी दे दी है। दूरसंचार विभाग के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि स्टारलिंक तीसरी कंपनी है, जिसे यह अनुमति मिली। इससे पहले यूटेलसैट वनवेब और रिलायंस जियो को मंजूरी दी गई थी।

स्टारलिंक को तीसरे सैटेलाइट इंटरनेट प्रोवाइडर के रूप में लाइसेंस दिया गया है। लाइसेंस के बाद स्पेक्ट्रम आवंटन होगा, जिससे सैटेलाइट टेलीकॉम सेवाएं तेजी से शुरू होंगी। यह सेवा खासकर उन क्षेत्रों में इंटरनेट पहुंचाएगी जहां पारंपरिक नेटवर्क स्थापित करना मुश्किल है। मंजूरी के बाद अब स्टारलिंक भारत में अपने सैटेलाइट इंटरनेट सेवा की शुरुआत करने के और करीब पहुंच गया है। अब स्टारलिंक भारत की तीसरी ऐसी कंपनी बन गई है, जिसे सैटेलाइट इंटरनेट सेवा देने की अनुमति मिली है।

एलएंडटी ने ईएसजी बॉण्ड के जरिये जुटाए 500 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली,06 जून. बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़ी कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने ईएसजी बॉण्ड के जरिये 500 करोड़ रुपये जुटाने की शुक्रवार को जानकारी दी.ईएसजी बॉण्ड, एक ऋण प्रतिभूति है. इसके जरिये जुटायी गयी राशि का उपयोग पर्यावरण, सामाजिक या प्रबंधन से जुड़े कार्यों में किया जाता है.कंपनी ने बयान में कहा,लार्सन एंड टुब्रो ने 500 करोड़ रुपये के ईएसजी बॉण्ड जारी करने की घोषणा की है. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की नई पेशकश ईएसजी एवं हरित पहल से जुड़े बॉण्डज् रूपरेखा के तहत यह विकल्प चुनने वाली वह पहली भारतीय कंपनी है.

समाचार विशेष

'आप' बिगाड़ेगी महागठबंधन का खेल

बिहार में 243 सीटों पर अकेले लड़ेगी चुनाव

पटना. बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं. जनता को लुभाने के लिए रणनीति बनाई जा रही हैं. इसी बीच चुनाव से पहले बिहार में अखिल भारतीय गठबंधन को बड़ा झटका लगा है. विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल आम आदमी पार्टी ने बिहार में अकेले विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है. पार्टी राज्य की सभी 243 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी.

वहीं, आप के इस फैसले पर कांग्रेस समेत कई दलों ने प्रतिक्रिया दी है. कांग्रेस ने आप को भाजपा की बी टीम बताया है. पार्टी प्रवक्ता ज्ञान रंजन का कहना है कि आम आदमी पार्टी ने अचानक अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है, जिससे साफ पता चलता है कि आप भाजपा के निर्देश पर काम कर रही है. यह उनकी (भाजपा) बी टीम है. उन्होंने कहा कि महागठबंधन का स्वरूप पहले ही तैयार हो चुका है. इसमें कई दल हैं, जिनके बीच कई बैठकें भी हो चुकी हैं. उन्होंने कहा कि कई उप समितियां बनाई गई हैं, जिनके अध्यक्ष तेजस्वी यादव हैं. इस मंच पर कई बार चर्चा हो चुकी है. आम आदमी पार्टी उस समय कहीं नहीं थी और अब अचानक पार्टी अकेले चुनाव लड़ने की बात कर रही है. वहीं, राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि अगर कोई पार्टी चुनाव लड़ना चाहती है तो यह उसका अधिकार है. उन्होंने कहा कि अगर वह (आप) चुनावी मैदान में उतर रही है तो उसे देखना होगा कि वह लोकतंत्र और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में चुनाव लड़ सकती है या नहीं. प्रवक्ता ने एनडीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एनडीए के लोग देश के संविधान और संवैधानिक व्यवस्था पर हमला कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि जिस तरह से ये लोग देश की संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करना चाहते हैं, उसके खिलाफ सभी को एक मजबूत गठबंधन के साथ आना होगा.

'सिर्फ लोकसभा चुनाव तक था गठबंधन'

इस बीच, बिहार में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी बबलू कुमार ने साफ तौर पर कहा है कि इंडिया अलायंस के साथ आप का गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव तक था. उन्होंने कहा कि बिहार में विधानसभा चुनाव आप अपने दम पर लड़ेगी. उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष राकेश यादव के नेतृत्व में 'मैं भी केजरीवाल' जनसंपर्क यात्रा शुरू हो गई है. यात्रा का तीसरा चरण सीमांचल में चल रहा है.

जहां संगठन मजबूत वहां चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू

बबलू कुमार ने कहा कि जहां भी हमारा संगठन मजबूत है, हम वहां विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं. इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत गठबंधन के साथ आप का गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए है. उन्होंने कहा कि अगर बिहार विधानसभा चुनाव या अन्य राज्यों में चुनाव होता है और हमारी पार्टी मजबूत होती है, तो हम चुनाव लड़ेंगे. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी होने के नाते हमारी जिम्मेदारी भी है कि हम हर उस राज्य में विधानसभा चुनाव लड़ें, जहां संगठन मजबूत है. बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भारत गठबंधन के अहम घटक दलों में से एक आम आदमी पार्टी के इस फैसले से भारत गठबंधन के चुनाव नतीजों पर असर पड़ सकता है. इससे पहले आप ने कांग्रेस से अलग होकर हरियाणा विधानसभा चुनाव भी लड़ा था.

क्या कांग्रेस का सपोर्ट कर पाएंगे भाजपा सांसद?

रांची. सरना धर्मकोड के मुद्दे पर जोरदार प्रदर्शन कर शुरुआती बढ़त ले चुकी कांग्रेस अब भाजपा सांसदों को अलग-थलग करने की मुहिम में जुट गई है. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी सांसदों को पत्र लिखकर इस आंदोलन में सहयोग करने की मांग की है.

प्रदेश में भाजपा के अधिक सांसद हैं और यहीं से पूरे प्रकरण में राजनीति हो रही है. भाजपा कांग्रेस के इस आंदोलन को किसी तरह से मानने से रही तो सहयोग का सवाल ही नहीं उठता. ऐसे में कांग्रेस जनता के बीच भाजपा को एक्सपोज करने की कोशिश करेगी. सरना धर्मकोड के मुद्दे पर कांग्रेस ने तमाम सांसदों से सहयोग की उम्मीद की है. उन्होंने इसके लिए लंबे समय से चल रहे संघर्ष का उल्लेख करते हुए लिखा है कि आदिवासी समाज प्रकृति का पुजारी है और वर्षों से पेड़-पौधों, पहाड़ों की पूजा करते रहा है. पूरी दुनिया में आदिवासियों के पारंपरिक धार्मिक अस्तित्व की रक्षा के लिए चिंतित है. ऐसे में सरना धर्म की रक्षा करना निश्चित तौर पर हम सभी का कर्तव्य है.

विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस का पेंच

पटना. ऐसा नहीं है कि बिहार में सिर्फ एनडीए के अंदर ही खटराग है, विपक्षी गठबंधन में भी शह मात का खेल चल रहा है. कांग्रेस पार्टी ने अभी तक अकेले चलने का स्टैंड लिया हुआ है.

राहुल गांधी एक बार फिर बिहार के दौरे पर जा रहे हैं और इस बार भी उनका कार्यक्रम अकेले होगा. यानी उसमें राष्ट्रीय जनता दल, विकासशील इंसान पार्टी और तीन वामपंथी पार्टियों की कोई भागीदारी नहीं होगी. राहुल इस बार नीतीश कुमार के गृह जिले में यानी नालंदा जा रहे हैं. वहां वे अति पिछड़ी जातियों के सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. इससे पहले वे पिछले महीने बिहार गए थे तो दरभंगा में अंबेडकर छात्रावास के छात्रों से मिलने पहुंचे थे. उससे पहले वे कन्हैया कुमार की पदयात्रा में शामिल हुए थे और उससे पहले जगलाल चौधरी की जयंती के कार्यक्रम में गए थे. इस साल राहुल गांधी का यह पांचवां दौरा होगा. उनका हर कार्यक्रम अकेले हुआ.

> कांग्रेस के नेता महागठबंधन की सहयोगी पार्टियों के साथ बैठक कर रहे हैं लेकिन सीट शेयरिंग का फैसला नहीं हो रहा है. कांग्रेस पार्टी 70 सीटों पर अड़ी है. इसलिए कांग्रेस ने दलित नेता राजेश राम को अध्यक्ष बनाया है और राहुल गांधी दलित व पिछड़ों में मेहनत कर रहे हैं. उनकी यात्राओं के जरिए कांग्रेस ने राजद पर ज्यादा सीट का दबाव बनाया है. कांग्रेस तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का दावेदार भी घोषित नहीं कर रही है. जानकार सूत्रों का कहना है कि तेजस्वी अपनी सहयोगी पार्टी वीआईपी के मुकेश सहनी का इस्तेमाल कर रहे हैं.

विशेष | **योगी के चक्रव्यूह से निकल पाना नामुमकिन, अब्बास के बाद उमर की राह भी मुश्किल**

खत्म हो जाएगा अंसारी परिवार का सियासी वजूद!

मऊ. उत्तर प्रदेश की मऊ सदर सीट से विधायक रहे अब्बास अंसारी की विधायक सदस्यता खत्म हो गई है. अधिकारियों को धमकाने के आरोप में एमपी-एमएलए कोर्ट ने अब्बास अंसारी को 2 साल जेल की सजा सुनाई थी. अब सजा मिलने के बाद अब्बास अंसारी की विधायक सदस्यता भी खत्म हो गई है. अब्बास माफिया और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के बेटे हैं. यानी अब मऊ सदर सीट पर विधानसभा उपचुनाव होगा.

1996 से ही अंसारी परिवार का मऊ विधानसभा सीट पर कब्जा है. मुख्तार अंसारी ने 1996 में पहली बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर मऊ सदर से जीत दर्ज की थी. इसके बाद वह लगातार चार बार विधायक चुने गए. इसमें दो बार निर्दलीय और एक बार अपनी पार्टी कौमी एकता दल के टिकट पर विधायक चुने गए. फिर 2017 में बसपा के टिकट पर विधायक बने. मुख्तार अंसारी के खिलाफ पहली बार 1986 में केस दर्ज हुआ था. मुख्तार अंसारी का खौफ सिर्फ पूर्वांचल ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में बढ़ता चला गया. उत्तर प्रदेश के बाहर भी उसका खौफ था. मुख्तार अंसारी के पास कई शूटर थे जो वारदातों को अंजाम देते थे. बाद में मुख्तार को लगने लगा कि अब उसे राजनीति में भी कदम रखना होगा, ताकि उसे संरक्षण मिलता रहे.



2022 में अब्बास अंसारी को सौंपी विरासत- जब मुख्तार जेल चला गया तो उसने 2022 में अपनी विरासत अपने बेटे अब्बास अंसारी को सौंप दी. अब्बास अंसारी ने ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और मऊ सदर सीट से जीत हासिल की. हालांकि विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान अब्बास ने अधिकारियों को धमकाया था, जिसे लेकर मऊ कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था. अब इस मामले में फैसला आ गया है. अब जब अब्बास अंसारी की विधायकी समाप्त हो गई है.

बांदा जेल में मुख्तार अंसारी ने तोड़ा दम

मार्च 2024 में मुख्तार अंसारी की बांदा जेल में मौत हो गई थी. मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशा अंसारी पर भी आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं. वहीं अब्बास अंसारी की पत्नी निखत पर भी आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं. इतना ही नहीं अब्बास अंसारी की पत्नी निखत पर भी केस दर्ज है. वहीं मुख्तार के दूसरे बेटे उमर पर भी कई मामले चल रहे हैं. ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या अंसारी परिवार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चक्रव्यूह से बाहर निकल पाएगा?